an>

Title: Need to provide financial relief to farmers due to excess rains.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी **(बस्ती) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं कई दिनों से पार्टी से अवसर माँग रहा था, लेकिन नहीं मिल पाया, आप मेरी आवाज सुनिए।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बस्ती पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक पिछड़ा हुआ जिला है। जहाँ के अधिकतर लोग खेती-किसानी पर निर्भर रहते हैं। अभी फरवरी माह में बेमौसम हुई भारी बारिश से किसानों को व्यापक नुकसान हुआ है। मुख्य रूप से गेहूँ, चना, मटर, सरसों व आलू की फसल को व्यापक क्षति हुई है। मैं बताना चाहूँगा कि भारी बारिश एवं तेज हवा के कारण गेहूँ की खड़ी फसल गिर चुकी है, आलू की तैयार फसल खेतों में सड़ने की स्थिति में है और यही समस्या सरसों की फसल और अन्य फसलों के साथ भी है।

अतः आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि इस बेमौसम बरसात को दैवीय आपदा एवं व्यापक आर्थिक क्षति मानते हुए किसानों को अविलम्ब आर्थिक सहायता, मुआवजा देने की कृपा करें। किसान क्रैडिट कार्ड से ऋण लेने वाले किसानों को राहत दिलाने के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई का शुल्क माफ करने, नलकूप से सिंचाई करने वाले किसानों को बिजली बिल माफ करने, खाद से सब्सिडी देने और अगली फसल हेतु किसान भाइयों को मुफ्त बीज देने का प्रबंध करके उनको प्रोत्साहित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।